an>

Title: Need to run a train between Dalli Rajhara and Baloda in Chhattisgarh .

श्री विक्रम उसेंडी (कांकेर): उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में अपनी बात कहने का अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद। छत्तीसगढ़ राज्य में बालोद जिले के अंतर्गत दल्लीराजहरा से रायपुर तक जो रेल का संचालन हो रहा है, वह मात्र 105 किलोमीटर का रास्ता है। इस मार्ग में चलने वाली एक्सप्रैस ट्रेन को चार घंटे से ज्यादा का समय लगता है जबकि लोकल ट्रेन ढाई घंटे में पहुंच जाती है। उक्त एक्सप्रैस ट्रेन का किराया भी लोकल ट्रेन के मुकाबले ज्यादा है। एक्सप्रैस ट्रेन नं.18209/18210(अप/डाउन) की लेट लतीफी के चलते नौकरी तथा व्यावसायिक कारणों से यातायात करने वाले लोगों को आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। लेट लतीफी के चलते बहुत से लोगों ने एक्सप्रैस ट्रेन से यात्रा करना बंद कर दिया है जिससे रेलवे को राजस्व की हानि हो रही है। इससे राजहरा रेलवे लाइन का विद्युतीकरण नहीं होना बड़ा कारण है। चूंकि दुर्ग में इस ट्रेन का इंजन बदलने में पचास मिनट से ज्यादा समय लगता है, एक्सप्रैस ट्रेन को नियमित करते हुए इसे जोन मुख्यालय बिलासपुर तक बढ़ाया जाये। क्योंकि रायपुर पहुंच कर यह ट्रेन सात घंटे खड़ी रहती है, उच्च न्यायालय, राजस्व न्यायालय तथा दक्षिण क्षेत्र में यात्रा करने वाले बालोद और कांकेर जिला वासियों को इसका लाभ मिलेगा।